तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 1 जुलाई 2024



11 महुआ बीज संग्रहण में जुटे ग्रामीण, विभाग नहीं कर ...





12 स्वच्छता दीदियों का किया गया स्वास्थ्य







छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


घटना : भवानीपटनम में हुए कथित सड़क हादसे में घायल गोपी ने की मौत

# एक माह में ओडिशा से आई दो युवकों की लाश, बाइक और साथियों का सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पड़ोसी राज्य ओडिशा के भवानी पटनम में कथित तौर पर हुए सड़क हादसे में मौत के बाद मृतक गोपी नागवंशी 20 वर्ष का शनिवार को जिला अस्पताल के शवागार में पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान हैं। वहीं, एक माह में ही नगर के दो युवाओं की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके लिंक एक माह पूर्व हुए राधे निर्मलकर की मौत से जोड़कर देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि करीब एक माह पहले ही शहर के पाण्डेपारा निवासी राधे निर्मलकर 23 वर्ष की मौत भी ओडिशा में ही हुई थी। पड़ोसियों से मिली जानकारी के अनुसार एक माह पहले जिस लड़के की मौत सड़क हादसे में हुई, उसके साथ तीन अन्य साथी यानी चार लोग दो अलग-अलग मोटरसाइकिल से देर शाम बालोद से निकले थे। अगले दिन युवक का शव जब घर पहुंचा, तो बाकी अन्य साथी नहीं थे और उनके बारे में किसी ने भी जानकारी नहीं ली और दुर्घटनाग्रस्त वाहन का भी कोई सुराग नहीं मिला। ठीक उसी तरह अब यह दूसरा मामला सामने आया है। इस बार 20 साल का युवक ने ओडिशा में ही सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा दी, लेकिन दुर्घटनाग्रस्त बाइक पर मृतक के साथ कौन-कौन मौजूद था, इस बारे में किसी को भी खबर नहीं है। हालांकि पुलिस द्वारा मृतक के मोबाइल को जब्त कर छानबीन करने की बात कही जा रही है।

**खास बातें**

- सड़क हादसों में हुई दोनों की संदेहास्पद मौत, उठ रहे कई सवाल
- माहभर पहले पांडेपारा निवासी युवक की भी हुई थी मौत

### पोस्टमार्टम में मिले सिर में गंभीर चोट के निशान






### दुर्घटनाग्रस्त बाइक और मोबाइल की जांच से होगा खुलासा

शहर के अब तक दो युवकों की उड़ीसा में सड़क हादसे में मौत का मामला सामने आया है। सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों युवक किसके साथ और किसकी बाइक पर ओडिशा पहुंच गए, इस पर सवालिया निशान खड़े होता है। वाहन मालिक और मोबाइल के कॉल रिकॉर्ड से ही स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर पूरा मामला कहां से जुड़ा हुआ है।

### सिर्फ युवक मिला था, बाइक नहीं मिली

जांच कर रहे एएसआई विश्राम साहू ने बताया कि युवक के कमर के नीचे और सिर में गंभीर चोट लगा है। उन्होंने बताया कि मृतक ओडिशा में बेहोशी की हालत में मिला था, जिसे कुछ लोग अस्पताल ले गए, और उसके बाद उसका स्थिति नाजुक होने के कारण उसे रायपुर रेफर किया गया। इस दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने घटना स्थल से बाइक के संबंध में कहा कि सिर्फ युवक बेहोशी की हालत में मिला था, जांच होने के बाद ही पता चल पाएगा।

### रातों-रात करते हैं 500 किलोमीटर से अधिक का सफर

विशेष सूत्रों के अनुसार शहर में रहने वाले कुछ लोग जो गांजा का अवैध कारोबार करते हैं, वे हजारों रुपये का लालच देकर ऐसे 20 से 24 साल के युवकों को मोटरसाइकिल से ओडिशा भेज देते हैं, जहां से वे गांजा की तस्करी कर बालोद लाते हैं। सूत्रों के अनुसार पूरा काम रातों-रात किया जाता है। शाम को 5 बजे के बाद युवक बाइक से निकलते हैं और अगली सुबह तक वापस पहुंच जाते हैं। इस बीच वे 500 किलोमीटर से भी अधिक का सफर कर लेते हैं।

### गांजा तस्करी से जुड़े हो सकते हैं तार

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करीब एक माह पहले शहर के पाण्डेपारा निवासी एक 23 साल के युवक राधे निर्मलकर की भी मौत ओडिशा राज्य में ही सड़क हादसे में हुई थी। बताया जा रहा है कि ठीक उसी तरह गोपी की भी मौत हुई है। उसकी मौत के बाद लगातार चर्चा होती रही कि कहीं इसके तार गांजा तस्करी से तो नहीं जुड़े हैं।

# गार्डन में गाली-गलौज करने से मना किया तो युवकों ने माली को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- कोतवाली थाना क्षेत्र के बूढ़ा तालाब गार्डन की घटना
- पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

गॉर्डन में माली का काम करने वाले व्यक्ति के साथ कुछ लड़कों ने मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में लिखाई है। मारपीट करने वाले एक युवक शहर के जवाहर पारा में रहने वाले साहिल का नाम सामने आ रहा है, जबकि दो से तीन अन्य युवक का नाम स्पष्ट नहीं हो पाया है।

ग्राम हीरापुर निवासी बलराम साहू शहर के बूढ़ा तालाब गार्डन में माली का काम करते हैं। वह 28 जून को शाम को गार्डन का साफ सफाई कर रहा था, तभी 2–3 लड़के गार्डन में आये एवं गाली गलौज करने लगे। इससे गॉर्डन में पहुंचे अन्य बच्चों व महिलाओं को परेशानी हो रही थी। इस दौरान बलराम साहू ने उन लड़कों को समझाया तो वे उनसे ही उलझ गए। हालांकि आसपास के भीड़ द्वारा समझाने पर सभी लड़के अपने–अपने घर चले गये थे। अगले दिन 29 जून को बलराम साहू रोज की तरह शाम करीबन 6 बजे गार्डन की साफ सफाई कर रहा था। उसी समय वहीं 2–3 लड़के बलराम के पास गुस्से में आये और ज्यादा होशियार बनता है, कहते हुए गाली देकर आज तुझे नहीं छोड़ेंगे मार डालेंगे की धकमी देने लगे और तीनों लोग मिलकर मारपीट करने लगे। इस बीच उनमें से एक ने पास में पड़ी ईंट को उठाकर बलराम के सिर में मारा और भाग गए। मारपीट करने से बलराम के सिर में चोट आई है। वहीं, भागते समय एक ने चल साहिल जवाहरपारा की ओर चलते हैं, बोलकर भागने लगे जिसे सुनकर बलराम ने पुलिस को साहिल का नाम बताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शहर के सभी गॉर्डन में पुलिस पेट्रोलिंग की जरूरत

शहर के कई ऐसे गॉर्डन हैं जहां असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। जहां बैठकर असामाजिक तत्वों को नशा करते आसानी से देखा जा सकता है। वहीं, वे गार्डन में पहुंचने वाले या पास से गुजरने वालों को हमेशा से परेशान करते नजर आते हैं। हालांकि बूढ़ापारा में नवनिर्मित गॉर्डन से यह पहली घटना निकल कर सामने आई है जबकि इससे पहले अन्य गार्डन में भी इस तरह की मारपीट की घटना हो चुकी है। पुलिस को ऐसे गॉर्डनों में भी पेट्रोलिंग करने की जरूरत है, ताकि इस तरह की आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### नए कानूनों के संबंध में कार्यशाला आज

**जामगांव आर।** भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई को पूरे देश में नया कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में आरक्षी केंद्र जामगांव आर परिसर में सोमवार को कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में प्रबुद्ध वर्ग गणमान्य नागरिक आमंत्रित किए गए हैं। टी आई अम्बिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि कार्यशाला सोमवार 10 बजकर 30 मिनट से रखी गई है।

### आगजनी, मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** आगजनी और मारपीट;करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 436, 327, 294, 506 बी, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पावर हाऊस में आगजनी की घटना,जेपी नगर कैम्प 2 में मारपीट कर अंगुली कांटने, नंदनी रोड पैसा का डिमांड कर मारपीट करने का मामला सामने आया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम लगाई गई थी। छावनी थाना प्रभारी छावनी चेतन सिंह चन्द्राकर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बैकुण्ठधाम, पावर हाऊस में राँकी लांजेवार को संदेही के तौर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया कि आपसी विवाद होने से घर मे आग लगाना स्वीकार किया। बैकुंठधाम कैम्प 2 बच्चू सिंह पैसे की लेनदेन की बात पर मारपीट कर अंगुली व नाखुन को दाँत से कांट देना बताया है। स्वीपर मोहल्ले एन. सोनू शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर पीड़ित से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देना स्वीकार किया।

### सटोरिया पुलिस को देख होटल से कूदा, गंभीर

**भिलाई।** महादेव सट्टा को लेकर एसीसीयू को बड़ा सुराग हाथ लगने पर पुलिस की टीम तेलांगाना रवाना हुई थी। इससे पहले सुपेला पुलिस ने शुक्रवार की रात सट्टे से जुड़े युवको को भिलाई से पकड़ा था। इनके पास से पुलिस को क्लू मिला और सटोरियों को पकड़ने टीम को अवगत कराया गया था। एसीसीयू की टीम महादेव सटोरियों को ट्रांजिट रिमाण्ड पर भिलाई लेकर आ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप का पैनल पकड़ने भिलाई सायबर सेल की टीम तेलंगाना हैदराबाद पहुंची थी।

# सड़क पर बाइक अड़ाकर रोका ट्रक, ड्राइवर से मारपीट कर लूट लिए नकदी व मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ट्रक को बीच रास्ते पर रोककर बाइक सवार चार लोगों ने चाकू की नोक पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार दोपहर करीब 3 बजे बालोद दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग नेशनल हाइवे 930 में ग्राम दैहान के पास की बताई जा रही है।

- कोतवाली थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर ग्राम दैहान के पास दिनदहाड़े हुई घटना

ट्रक चालक राजभान साकेत ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह ग्राम कटरा जिला रींवा का मूल निवासी है। वर्तमान में दल्ली राजहरा चिखलाकसा निवासी अविनाश सिंह का ट्रक चलाने का काम करता है व चिखलाकसा में में ही रहता है। 29 जून को मैं ट्रक क्रमांक सीजी 08 डब्ल्यू 7057 में माल अनलोड कर धमतरी से वापस दल्ली राजहरा चिखलाकसा जा रहा था, बालोद शहर पार कर एनएच– 930 में दोपहर समय करीबन 3 बजे के आस पास ग्राम दैहान जंगल के मंदिर के पास पहुंचा था। इस दौरान कुछ व्यक्ति मोटर सायकल को बीच सड़क पर खड़ी कर दी। मोटर सायकल को देखकर ट्रक को वहीं पर रोका तब 4 व्यक्ति ट्रक के रूकते ही केबिन के दोनों ओर से दो–दो व्यक्ति चढ़ गए। एक व्यक्ति ने ड्राइवर का कालर पकड़ कर अपने हाथ में रखे चाकू से वार किया तब ड्राइवर ने हाथ से चाकू को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चाकू का नोक दाढी के पास लगी एवं रोकने से दाहिने हाथ के ऊंगली में भी चोट आई।

चारों व्यक्ति मिलकर ड्राइवर से मारपीट करने लगे और उसकी जेब में रखे 1500 रूपये नगदी रकम, एवं मोबाईल लूट कर बालोद की ओर भाग गए। कोतवाली पुलिस ने धारा 34, 294 के तहत अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### आज हो सकता है खुलासा




जानकारी के अनुसार अज्ञात बदमाशों की पतासाजी में कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम भी जुटी हुई है। पुलिस को शक है कि चारों आरोपियों ने लूटपाट के पहले या बाद में बालोद के देशी शराब दुकान में शराब पी होगी। इस आधार पर साइबर सेल और पुलिस की टीम छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार आरोपियों के संबंध में आज खुलासा हो सकता है। खुलासा होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि लूटपाट करने वाले आरोपी आखिर कौन हैं और किस मकसद से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था।

# खबर प्रकाशन के बाद खेतों से हटाया मलबा

**बालोद।** हरिभूमि की पहल से किसानों को राहत मिली। अब उनके खेत का मलबा हटाया जा रहा है।

- करहीभदर से जामगांव (आर) मार्ग पर पुल निर्माण के बाद छोड़ दिया था मलबा


करहीभदर से जामगांव आर तक सड़क निर्माण के दौरान बनाई गई पुल
पुल बनाने के बाद छोड़ दिया मलबा बारिश में खेतों के पटने का खतरा

करहीभदर से जामगांव (आर) तक बनने वाली सड़क व पुल निर्माण के दरमियान खेतों से मलबा डाला गया था, जिसे पुल व सड़क बनने के बावजूद ठेकेदार द्वारा नहीं हटाया गया था। इस समस्या पर हरिभूमि ने समाचार प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। अब ठेकेदार द्वारा खेतों से जेसीबी के माध्यम से मलबा हटाया गया।

ग्राम करहीभदर में एक बड़े पुल का निर्माण व सड़क निर्माण का संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा किया गया, लेकिन पुल व सड़क बनने के बाद मलबे को नहीं हटाया गया, बारिश के आगमन के साथ ही धान बुवाई करना था, लेकिन जिसके खेत में मलबा पड़ा था, जिससे उस खेत में किसान कैसे खेती करेगा यह बड़ा सवाल था। इसलिए किसान लोग परेशान थे। अब मलबा हटाया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा खेतों से मलबा को हटा ▶▶| शेष पेज 11 पर


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100







## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र के राज्यपाल बैस आज आएंगे



**रायपुर।** महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस सोमवार 1 जुलाई को रायपुर आ रहे हैं। श्री बैस सुबह 8 बजे मुम्बई से रायपुर पहुंचेंगे। अपने 3 दिवसीय प्रवास के दौरान वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री बैस 3 जुलाई की शाम मुंबई लौटेंगे।

### सीएस को उपाध्यक्ष नीति आयोग का अतिरिक्त प्रभार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य शासन द्वारा श्री जैन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ उपाध्यक्ष राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस आशय का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग से जारी कर दिया गया है।

### वाहन पार्क करने के विवाद में मारपीट



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना में एक बुजुर्ग ने बाप-बेटे के खिलाफ वाहन पार्क करने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गायत्री नगर निवासी बालचंद प्रजापति ने सीताराम प्रजापति तथा उसके बेटे नीरज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बालचंद ने पुलिस को बताया कि सीताराम तथा उसके बेटे ने दुकान के सामने दोपहिया पार्क करने के नाम पर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की है।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला



**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक ई-रिक्शा के चालक ने एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सुरेंद्र निषाद ने वासु निषाद के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह अपने ई-रिक्शा से घर जा रहा था, दावड़ा कॉलोनी के पास वासु ने उसका रास्ता रोक शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। इनकार करने पर वासु ने सुरेंद्र की पीठ पर चाकू से हमला कर दिया।

### बच्चों में आध्यात्मिक शिक्षा जरूरी : संत भोलाराम

**रायपुर।** शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में आचार्य गुरु स्वामी टेंऊंराम के 138वें जन्मोत्सव के अवसर पर बालिका मंडली और प्रेमप्रकाश युवा मंडल द्वारा टेंऊंराम चालीसा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रविवार को कानपुर से पधारे संत भोलाराम शामिल हुए। कार्यक्रम में बालिका मंडली द्वारा पेश किए गए नाट्य संग नृत्य के प्रस्तुतिकरण ने संत भोलाराम का मन मोह लिया।

# मौसम सुहाना, सियादेवी मंदिर में पहुंचने लगे पर्यटक, सूखे झरने से हो रही निराशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में बरसात के आगमन के साथ ही मौसम सुहाना हो गया है। अब यहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ने लगी है। इसके कारण प्रसिद्ध मंदिर व पर्यटक स्थल माँ सियादेवी मंदिर में पर्यटकों की भीड़ मंदिर दर्शन तथा प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के लिए पहुंच रही है। सियादेवी मंदिर एक दंडकारण्य वनांचल क्षेत्र में है। माना जाता है कि जहाँ वनवास काल के दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता जानकी का आगमन हुआ था, इसलिए यह मंदिर प्रसिद्ध है। मंदिर प्रांगण में सियादेवी माता के साथ ही लव–कुश, शंकर–पार्वती, राम–लक्ष्मण, हनुमान और माता सीता के आलावा कई अन्य देवी–देवताओं की मुर्तियां स्थापित है, इसके अलावा स्टाप डेम, झरना और प्राकृतिक मनोरम दृश्य लोगों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। इसके कारण हजारों की संख्या में पर्यटक सियादेवी मंदिर में दर्शन करने पहुँचते हैं।

**झरना सूखा, पर्यटक मायूस :** सियादेवी मंदिर का प्राकृतिक झरना लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है जो फोटोग्राफी, वीडियो ग्राफी के साथ ही मौज मस्ती के लिए प्रसिद्ध स्थल है। लेकिन वहां पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण झरना वर्तमान में सूखा पड़ा हुआ है, जहाँ पर पानी का बहाव बंद है। इसलिए पर्यटक मायूस नजर आ रहे हैं। साथ ही स्टाप डेम भी पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण सूखा नजर आ रहा है। हालांकि प्राकृतिक वादियों के बीच बसे हरे भरे घने जंगल लोगों का मन मोह रहा है।

## अच्छी बारिश नहीं होने के कारण अब तक शुरू नहीं हुआ झरना





### पिछले साल जून में ही शुरू हो गया था झरना

भूपेश साहू, गोमती बाई साहू, बिमला बाई साहू च अन्य दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बारिश बहुत कम हुई है। पिछले वर्ष जून महीने के शुरुआती दिनों में ही मूसलाधार बारिश होने से डेम भर चुके थे और नदी नालों में पानी का बहाव शुरू होने के साथ ही झरना भी शुरू हो गया था, लेकिन इस वर्ष डेम, नदी, नाले सूखे पड़े हुए है और झरना भी सूखा नजर आ रहा है। अब पर्यटकों की भीड़ उमड़ने लगी है। लेकिन डेम, झरना व नदी नालों में पानी का बहाव शुरू होगा, तो पर्यटकों की भीड़ में और बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

## आयोजन : अतिथियों ने पाठ्यपुस्तकों व गणवेश का किया वितरण

# चिंचबोड़ विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव नवप्रवेशी बच्चों की हथेलियों का लिया निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

विकासखण्ड गुण्डरदेही के आदर्श पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला चिंचबोड़ में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।

प्रभारी मधु नेताम की उपस्थिति में अतिथियों ने बच्चों को नई किताबों के साथ गणवेश वितरित किया। संस्था की ओर से प्रधानपाठक संदीप जोशी ने पालकों को विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक कैलाश साहू ने नए शैक्षिक सत्र की बधाई देकर संस्था के आगामी योजनाओं के संबंध में चर्चा की। इस बार प्रवेश उत्सव में नवाचारी प्रयास किया गया। शुभ चिन्हों की तरह नव प्रवेशी बच्चों की हथेलियों के रंगीन निशान को उनके प्रथम आगमन की स्मृतियों के रूप में संजोने के लिए ड्राइंग शीट में लिया गया। इससे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस कार्य में विद्यालय की उत्साही नवाचारी शिक्षिका पूजा साहू, बागेश्वरी साहू का विशेष सहयोग रहा। वहीं, विद्यालय के शिक्षक मुकेश साहू ने अपने पुत्र के आईआईटी में चयन की खुशी में न्योता भोज का आयोजन किया। इसके तहत अतिथियों व बच्चों के लिए स्वल्पाहार, खीर पूड़ी व मिठाई की व्यवस्था की गई।





### शाला विकास समिति के सदस्यों ने लगाए पौधे

शिक्षा सत्र की शुरुआत को यादगार बनाने के लिए विद्यालय में पोषण वाटिका प्रभारी शिक्षक द्रोणकुमार सार्वा के निर्देशन में विद्यालय प्रांगण में सजावटी पौधे लगाए गए। शाला विकास समिति, शिक्षक पालक समिति व छात्रों ने पौधे लगाए। इस दौरान शाला विकास समिति का पुनर्गठन किया गया। नरेंद्र पटेल, जितेश्वरी साहू को अध्यक्ष के रूप में पुनः मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य तेजराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष ढालसिंह साहू, विधायक प्रतिनिधि जगदीश साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, सरोज साहू, जितेश्वरी साहू, रोहित देवांगन, जीवन लाल ठाकुर, टीकम सेन, भेनु देवांगन, शिव निर्मलकर, सरिता महिपाल, प्रेमलता साहू, कविता ध्रुव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक पालक समिति, ग्रामीण जन, पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक डीके साहू ने किया। इस कार्यक्रम में भीषम साहू, लवकुश देवागन का सहयोग मिला।

## पीएम श्री प्राथमिक शाला सम्बलपुर में मना प्रवेश उत्सव



**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि उमा बाई ठाकुर सरपंच ग्राम सम्बलपुर थीं, विशेष अतिथि गंगा राम निषाद अध्यक्ष एसएमसी थे। उन्होंने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके पश्चात अतिथियों द्वारा कक्षा पहली के नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर पाठ्य पुस्तक,गणवेश वितरण किया गया। सरपंच ने नव प्रवेशी बच्चों के पालकों से नियमित शाला भेजने की आग्रह किया। इसके साथ ही शाला के विभिन्न गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों के साथ पालकगणों को सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उसके बाद संस्था प्रमुख वीणा ठाकुर ने पीएम श्री शाला में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। उपस्थित अतिथियों एवं शाला के शिक्षकों ने पीपल का पौधा लगाया। अंत में न्यौता भोज में सभी बच्चों एवं उपस्थित अतिथियों, पालकों को हलवा पूड़ी खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर तोमन लाटिया, वीरेन्द्र निरोटी, अंजोरी निर्मलकर, शाला के शिक्षक अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन, सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## जाटादाह में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**डौंडीलोहारा।** 28 जून को माध्यमिक शाला प्रांगण में शासकीय प्राथमिक,माध्यमिक शाला जाटादाह में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।शाला प्रांगण में पौधा रोपण किया गया।सभी छात्र छात्राओं को शाला प्रबंध समिति की तरफ में न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में खीर-पूड़ी दी गई। इस प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम की सरपंच तेजेस्वनी दुग्गा,अध्यक्षता रामकुमार दुग्गा ने की। विशेषअतिथि विमल कुमार ,उपसरपंच मनोज कुमार,शैल बाई,नगीना बाई,धनेश्वरी सहारे,पूनम बाई यादव,त्रिवेणी बाई,द्वारिका नेताम,दल कुमार रामटेके,दुखु राम,रोमन लाल यादव,ग्राम पंचायत सचिव जितेंद्र मालेकर, संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही ,प्रधान पाठक मा.शाला अर्जुन लाल देवांगन,प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका योगिता ठाकुर,शिक्षिका पूजा सार्वा, शिक्षक अमित कुमार सिन्हा, डोमार सिंह धलेंद्र,केशव लाल गंजीर,पालक समिति,शाला ,प्रबंधन समिति सदस्य,ग्राम के गणमान्य उपस्थित थे।

# दिनभर बारिश का दौर, शहर के तापमान में चार डिग्री की गिरावट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छाए बादल शनिवार को दिनभर राजधानी में हल्के से मध्यम रूप में बरसते रहे। बारिश तो जोरदार नहीं हुई, मगर इसके प्रभाव से तापमान में चार डिग्री की गिरावट आ गई। यूपी-बिहार के ऊपर बने सिस्टम की वजह से बिलासपुर और सरगुजा संभाग में जमकर बारिश हुई है।

रायपुर में मानसून 15-16 जून को सक्रिय हुआ है, मगर यहां अब तक भारी बारिश नहीं हुई है। शनिवार को भी यहां छाए बादल मामूली रूप से ही बरसे हालांकि वर्षा का प्रभाव दिनभर रहा जिसकी वजह से तापमान में चार डिग्री की गिरावट आ गई और मौसम पूरी तरह ठंडा हो गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में शहर में आधा सेमी. से कम बारिश दर्ज की गई है। बादलों की मेहरबानी बिलासपुर और पेंड्रा इलाके में नजर आई। दिनभर में बिलासपुर में 48.4 और पेंड्रा में 87.6 मिमी. बारिश दर्ज की गई है।

■ यूपी-बिहार के ऊपर सिस्टम, बिलासपुर और सरगुजा में जमकर वर्षा

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि उत्तरी हिस्से में हो रही बारिश की वजह उत्तर-दक्षिण द्रोणिका के पश्चिम उत्तर प्रदेश और चक्रवाती घेरा के पूर्वी यूपी और उससे लगे बिहार के ऊपर मौजूद होना है। रविवार को भी इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना है। इसके बाद जुलाई की शुरूआत में बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना बन रही है।

# महिला शिवसेना ने बेजा कब्जा और गंदगी पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आदर्श नगर क्षेत्र में अटल आवास के गार्डन एरिया में बेजा कब्जे और गंदगी की समस्या को लेकर महिला शिवसेना की एक टीम ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला शिवसेना के सदस्य और स्थानीय निवासी शामिल हुए और सभी ने एक स्वर में इस मुद्दे के समाधान की मांग की। महिला शिवसेना की प्रमुख ज्योति सिंह ने बताया कि गार्डन एरिया में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से टपरा-टपरी बनाई जा रही है, जिससे बच्चों के खेलने का स्थान अवरुद्ध हो रहा है और गंदगी फैल रही है। उन्होंने कहा कि गार्डन एरिया का यह अवैध कब्जा न केवल स्थान की सुंदरता को नष्ट कर रहा है, बल्कि इससे आसपास के निवासियों को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि अविलंब इस मामले को संज्ञान में लिया जाए और अवैध कब्जों को हटाया जाए। महिला शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे इस मामले को लेकर और भी बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इस कार्यक्रम में महिला प्रदेशाध्यक्ष ज्योति सिंह, रुखसार खान, किरण राव, कीर्ति साहू, जन्नत खान, सावित्री मानिकपुरी आदि शामिल हुईं।

# नीट पेपर लीक के विरोध में दुर्ग के कांग्रेसी भी लामबंद

**भिलाई।** भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा मेडिकल भर्ती परीक्षा नीट पेपर लीक के विषय पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के नेतृत्व विशाल संसद घेराव का कार्यक्रम किया। इस आयोजन में दुर्ग के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। साथ ही लामबंद होकर आगामी दिनों में दुर्ग में भी उग्र आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश काग्रेस कमेटी के सचिव अय्यूब खान ने बताया कि भाजपा की देश में जहां कहीं भी सरकार है, उन सभी जगहों पर पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। नौकरी भर्ती परीक्षा हो या प्रोफेशनल कोर्सेज या डिग्री कॉलेज की कोर्सेज की परीक्षा, अधिकांश परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आ रही है। इससे भाजपा की कार्यप्रणाली जनता के सामने आ चुकी है। देश के सबसे महत्त्वपूर्ण मेडिकल नीट परीक्षा हुई, जिसमें देशभर के 25 लाख से परीक्षार्थी जिन्होंने परीक्षा का फार्म भरा। पेपर भी दिया। बाद में परिणाम कुछ अलग आया। इसमें लगभग 67 परीक्षार्थी जो 720 अंक मे 720 अंक प्राप्त किये हैं, जो आज तक नीट के परीक्षा के इतिहास कभी नही हुआ। जिसे कोई समझ नहीं पाया।

# अधूरे वेज रिवीजन के बीच बायोमिट्रिक के विरोध में संयुक्त यूनियन का प्रदर्शन

### बोरिया गेट के पास प्रदर्शन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



अधूरे वेज रिवीजन के बीच बीएसपी में बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू होने के विरोध में शनिवार को बीएमएस, इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस, एक्टू, लोइमू एवं इस्पात श्रमिक मंच ने बोरिया गेट पर सुबह 8 बजे से 9 बजे तक प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में संयंत्र कर्मचारी उपस्थित हुए। इस दौरान सभी यूनियनों ने बीएमएस के एनजेसीएस नेता डीके पांडेय के बयान पर कड़ी आपत्ति करते हुए इसे भिलाई के मेहनतकश कर्मियों का अपमान बताया। भिलाई सहित सेल कर्मचारियों का 1 जनवरी 2017 से वेज रिवीजन लंबित है। कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर्स हाउस रेंट अलाउंस सहित विभिन्न मुद्दों पर अभी तक फैसला नहीं हुआ है। सेल प्रबंधन के अड़ियल रवैए के खिलाफ 29 एवं 30 जनवरी को यूनियनों ने सेल में हड़ताल करने का निर्णय लिया था। इसके लिए 24 जनवरी 2024 को मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय )नई दिल्ली के समक्ष कॉन्सिलिएशन बैठक हुई, जिसमें सेल प्रबंधन ने यह वादा किया था कि कर्मचारियों के सभी मुद्दों का ढाई महीने में समाधान कर लिया जाएगा। लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी अभी तक कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर, हाउस रेंट एलाउंस, बोनस फार्मूला इत्यादि मुद्दों पर कोई फैसला नहीं हुआ है।

### यूनियनों ने कहा-पहले सुविधाएं बढ़ाएं

प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि बायोमीट्रिक से पहले वेज रिवीजन के मुद्दों का समाधान किया जाए। संयंत्र में कैंटीन, रेस्टरूम, टॉयलेट, कर्मचारियों की सेफ्टी व्यवस्था को बेहतर किया जाए। इस दौरान संयुक्त यूनियन ने बीएमएस के एनजेसीएस नेता डीके पांडे के उस बयान पर कड़ी आपत्ति की है, जिसमें उन्होंने कहा कि बायोमीट्रिक सिस्टम के विरोध का मतलब है कि हम ड्यूटी नहीं करना चाहते। संयुक्त यूनियन ने कहा कि डीके पांडे को भिलाई की कार्य संस्कृति का पता नहीं है। भिलाई के कर्मचारी बिना बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम के सेल में सर्वोच्च प्रोडक्शन एवं प्रॉफिट देते आए हैं।

# फरार आरोपी अमित के मकान से मिले हथियार के साथ आपत्तिजनक सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गोलीकांड का फरार आरोपी अमित जोश के अवैध कब्जों को ढहाते समय आरोपी की मां बिज्जी मोरिस के घर का सामान हटाते समय 2 नग 8 एमएम का खाली कारतूस और 4 नग जिंदा कारतूस जब्त किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बिज्जी मोरिस से पूछताछ करने पर बताई कि उसका बेटा अमित जोस जेल से छूटकर आने के बाद दोनों खाली कारतूस, 4 जिंदा कारतूस छिपाकर रखने के लिये देना स्वीकार किया।

आरोपिया बिज्जी मोरिस के कब्जे से कारतूस को खाली खोखा,जिंदा कारतूस बरामद किया। महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा 25-26 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। इसके अलावा बिज्जी मोरिस के कब्जे से अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी पुलिस ने बरामद हुई है। आरोपी अमित जोस की बहन प्रियंका जार्ज और जीजा बी लक्की जार्ज के व्दारा सेक्टर-5 स्थित बीएसपी के शासकीय आवास को अवैध कब्जा कर अनाधिकृत रूप से रहते थे। जिसे बीएसपी ने अतिक्रमण मुक्त किया। इस दौरान बी. लक्की जार्ज के कब्जे से एक पिस्टल 2 मैगजीन, 5 जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी बी लक्की जार्ज से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि उसका साला अमित जोस अपने दोस्त यशवंत नायडू, अंकुर शर्मा, सागर बाघ उर्फ डॉगी के साथ उसके घर में शराब पीकर रात 12.30 बजे बाइक में घूमने निकले थे। वापस आकर आरोपी अमित जोस ने प्रियंका जार्ज को ग्लोब चौक के आगे दो युवकों को गोली मारना स्वीकार किया। घटना में उपयोग किए गए पिस्टल 2, मैगजीन, 5 नग जिंदा कारतूस को छिपाने के लिए प्रियंका जार्ज को दिया था। इस दौरान भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, टीआई राजकुमार लहरे शामिल थे।





### जीजा-बहन के यहां मिला आलमारी में हथियार

प्रियंका जार्ज ने उक्त पिस्टल, समेत अन्य हथियार को छिपाकर रखी हुई थी। उक्त हथियार घर के आलमारी में रखी हुई थी। प्रियंका जार्ज और पति बी. लक्की जार्ज के खिलाफ पुलिस ने धारा 25-26 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। आरोपी बी. लक्की जार्ज, सुपेला क्षेत्र का शातिर गुण्डा बदमाश है। आरोपी के खिलाफ थाना सुपेला, वैशाली नगर में 10 से अधिक अपराध दर्ज है। आरोपी बी. लक्की जार्ज एवं प्रियंका जार्ज की संलप्तिता पूरे प्रकरण में पाये जाने से पृथक से कार्यवाही की जा रही है।

### अमित को फरार कराने वालों पर भी जुर्म दर्ज

आरोपी अमित जोस के खिलाफ दर्ज प्रकरण में जांच के दौरान पाया गया कि फरारी के समय आरोपी अमित जोस को छिपाने, प्रश्रय देने, फरार कराने में मदद कर वाला भाठापारा निवासी बी. संतोष कुमार, शंकर भाट पर प्रकरण में धारा 212 के तहत जुर्म दर्ज कर भादवि सहपठित धारा 307, 34 के तहत आरोपी बनाया गया है। आरोपी आरोपी शंकर भाट को गिरफ्तार किया है।

## खबर संक्षेप

### बीजू कार्ड से हो रही लोगों के जीवन से खिलवाड़

**रायपुर।** राजधानी के एक निजी अस्पताल में मरीज के साथ हुई चिकित्सकीय लापरवाही के कारण मौत के मामले में दोषियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करने मांग करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता व ओड़िया समाज के वरिष्ठ नेता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, राजधानी रायपुर में पड़ोसी राज्य ओडिशा सरकार की लोकप्रिय योजना स्वास्थ्य बीजू कार्ड में फर्जीवाड़े का मामला लगातार सामने आ रहा है। बीजू कार्ड काली कमाई का जरिया बन गया है और लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रही है।

### आपसी रंजिश पर हत्या दो को उम्रकैद

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में सात माह पूर्व आपसी रंजिश के चलते हत्या करने के दो आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई पंकज कुमार सिन्हा की स्पेशल कोर्ट एससी, एसटी कोर्ट में हुई। लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक कोर्ट ने गिरधारी रात्रे की हत्या के आरोप में हेमलाल साहू तथा प्रमोद यादव को कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक चार दिसंबर 2023 को हेमलाल तथा प्रमोद ने गिरधारी की चाकू मारकर हत्या करने के बाद उसकी लाश को एक तालाब में फेंक दिया था। साथ ही साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से चाकू को एक पेड़ के नीचे छिपा दिया। घटना के चार दिन बाद आठ दिसंबर को लाश मिलने पर पुलिस ने मामले की पड़ताल कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो दोनों ने हत्या का अपराध कबूल किया।

## निधन

### पुष्पा देवी जैन

**दल्लीराजहरा।** नगर के पुराना बाजार निवासी फतेहचंद जैन की धर्मपत्नी पुष्पा देवी जैन (मित्तल)



का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सामाजिक रीति रिवाज के अनुरूप किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज जैन समाज सहित अन्य सामाजिक जन फतेहचंद मित्तल, सुभाष चंद मित्तल, रमेश मित्तल, मनोज जैन, राजेन्द मित्तल दीपक मित्तल, प्रवीण जैन, प्रमोद जैन, विजय जैन, संदीप एवं समस्त मित्तल परिवार दल्लीराजहरा के परिजन शामिल हुए।

## पेज 9 का शेष

### खबर प्रकाशन के ...

कर अब पुल के नीचे ही छोड़ दिया गया है, जो बरसात के दिनों में पानी के बहाव में बह जाएगा जो खेत व नाले में पट सकता है, जो किसानों के लिए भविष्य के लिए नुकसान दायक हो सकता है, क्योंकि कुछ दिनों बाद खेतों में धान की फसल मलबे की चपेट में आ सकतें है। करहीभदर के किसान देवेंद्र सहारे, नथु साहू ने बताया कि हम लोगों के खेतों से मिट्टी, गिट्टी, पत्थर, मुरुम के मलबे को हटाया गया है, जिसके कारण अब हम खेती कर सकतें है, लेकिन जो मलबा हटाया गया है उसे नाले के तट पर ही डाल दिया गया है, जो भविष्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

# महुआ बीज संग्रहण में जुटे ग्रामीण, विभाग नहीं कर रहा खरीदी, व्यापारियों को बेचना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में महुआ बीज संचयन का काम वनांचल क्षेत्रों में जारी है। महुआ बीजों को स्थानीय बाजारों में बेच कर लोग मुनाफा कमा रहे हैं। वन विभाग द्वारा लघुवनोपज के तहत महुआ बीज की खरीदी की जानी है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसकी खरीदी समिति के माध्यम से नहीं की जा रही है, जबकि प्रशासन द्वारा शासकीय दर में संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से खरीदी करने का लक्ष्य है। वनांचल क्षेत्र के लोग ज्यादातर वनों से प्राप्त वन संपदाओ को एकत्र बाजारों में बिक्री करते हैं हालांकि वन संपदाओं की खरीदी वन विभाग द्वारा संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से होना है लेकिन संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से खरीदी बंद है। इसलिए महुआ बीज की खरीदी कर व्यापारी लोग मौके का फायदा उठा रहे हैं और मुनाफा कमा रहे हैं।

**विभाग ने तय की है 29 रूपए दर, व्यापारी 20 में खरीद रहे :** वन विभाग द्वारा महुआ बीज की खरीदी की दर 29 रूपये प्रति किलो तय की गई है, जिसकी खरीदी वन समिति के माध्यम से की जा सकती है। वहीं, व्यापारियों के द्वारा 20 रूपये प्रति किलो की दर से महुआ बीज की खरीदी बाजारों के माध्यम से किया जा रहा है यदि यह खरीदी वन विभाग द्वारा समिति के माध्यम से की जाती तो संग्राहकों को उचित दाम मिलता लेकिन वन विभाग की लापरवाही व उदासीनता के कारण संग्राहकों को उचित दाम नहीं मिल पा रहा है।

### जिले के वनांचल में जारी है महुआ बीज का संग्रहण



### समिति खरीदे तो ज्यादा लाभ मिलेगा

संग्राहक जासनी बाई ने बताया कि वन विभाग के माध्यम से लघुवनोपज के तहत महुआ बीज की खरीदी नहीं की जा रही है। इसके कारण व्यापारी को कम दाम में महुआ बीज को बेचने पर मजबूर है। इसलिए बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है। यदि वन समिति द्वारा शासकीय मूल्यों में खरीदी की जाएगी, तो संग्राहकों को बहुत ज्यादा मुनाफा मिलेगा। बड़भूम समिति प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में समिति के माध्यम से लघुवनोपज के तहत महुआ बीज की खरीदी नहीं की जा रही है।

## घपला : सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य में लापरवाही उजागर

# पहली बारिश ने खोली गुणवत्ता की पोल, बह गई मुरुम, आई लंबी दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

मानसून की पहली फुहार में ही राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य में की गई लापरवाही की कलई ग्राम करियाटोला के पुल के पास खुलने लगी है। पुल निर्माण होने के बाद सड़क के किनारे लगाई गई स्टॉपर प्लेट के आसपास की गई सिमेंटीकरण में लंबी दरारें आ गई हैं। वहीं, सड़क के किनारे में डाली गई मुरूम मिट्टी में मापदंड के अनुरूप रोलर नहीं चलने के कारण पानी की पहली बौछार में मुरूम बह गई। इससे सिमेंटीकृत की मोटी परत दिख तो रही है, किंतु उसके नीचे मुरूम बह जाने से खोखला हो गया है।

मानसून की अच्छी बारिश होने से राष्ट्रीय राजमार्ग 930की सड़क की गुणवत्ता का पता चल गया। डामरीकृत सड़क भी दबने के साथ लंबी दरार आ गई है। इसे देखकर लगता है कि राष्ट्रीय राज मार्ग के जिन अधिकारियों के मार्गदर्शन में ऐसा कार्य हुआ है, वे सड़क निर्माण के दौरान नियमित निरीक्षण नहीं करते रहे होंगे। उसके कारण निर्माण एजेंसी सड़क निर्माण के शासकीय मापदंड को दरकिनार कर मनमर्जीनुसार कार्य किया है, कारण गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण हुआ है। इसका खामियाजा उक्त मार्ग पर सफर करने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ेगा। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 930के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन का कार्य गुणवत्ताहीन होने की बात कही।







### शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान

अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य में गुणवत्ताहीन कार्य होने की पूर्व में भी शिकायत की गई। किंतु राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी की उदासीनता के कारण निर्माण एजेंसी मनमाफिक कार्य कर रही है। शासन प्रशासन से राष्ट्रीय राजमार्ग 930 की सड़क को गुणवत्तायुक्त निर्माण कराने की मांग की है ।

### हल्की बारिश में धंस रही सड़क, अभी पूरी बरसात बाकी

मुख्य मार्ग पर ग्राम करियाटोला के पास बहने वाली नदी पर बड़े पुल का निर्माण निर्माण एजेंसी द्वारा किया गया है। पुल के किनारे ग्राम करियाटोला में जाने के लिए पूर्व की सड़क नीचे होने से मुख्य मार्ग से मिट्टी मुरूम डालकर अस्थाई सड़क का निर्माण किया गया था, जिस पर गिट्टी डालकर डामरीकृत सड़क का निर्माण किया गया। उक्त सड़क भी पहली बारिश में दबने लगी है। इसके साथ ही सड़क में लम्बी दरार आ गई है।ग्रामीणों ने कहा कि हल्की बारिश होने से ही गांव की ओर जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है, तो मानसून की तेज बारिश में सड़क चलने के लायक बचेगी या नहीं संशय बना हुआ है। बड़ा पुल निर्माण होने से पूर्व की सड़क से नई सड़क की ऊंचाई होने से सड़क के किनारे वाल का निर्माण नहीं किए जाने से पहली बरसात से मुरूम पत्थर बह कर किसानों के खेतों में आ रही है। इससे आने वाले समय में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचेगा ।

# बच्चों के विवाद में पालकों में भिड़ंत, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो बच्चों में खेलकूद के दौरान विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक बच्चे के पिता ने दूसरे बच्चे की डंडे से बेदम पिटाई कर दी, जिसके बाद मामला थाना तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

- कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाटाबोड़ का मामला

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाटाबोड़ का है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार 24 जून की शाम करीब 7 बजे लखन सिंह ठाकुर का बेटा रेमन ठाकुर सरस्वती शिशु मंदिर लाटाबोड़ के मैदान में खेल रहा था। इस दौरान पोषण साहू का बेटा तुषार साहू तथा रेमन ठाकुर के बीच खेल के दौरान झगड़ा हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर लखन सिंह ठाकुर अपनी पत्नी दिपेश्वरी ठाकुर के साथ सरस्वती शिशु मंदिर के पास पहुंचा, जहां उसने देखा पोषण साहू डण्डा से मारपीट कर रहा था। इस दौरान लखन ठाकुर ने पोषण साहू को मारपीट करने से मना किया, जिस पर पोषण गालीगलौज करते हुए लखन ठाकुर से मारपीट करने लगा, जिससे उसके दाहिने कंधा, पीठ एवं बाएं आंख के नीचे चोट लगी। उसके बाद लखन ठाकुर ने कोतवाली पहुंच गया। लखन की रिपोर्ट पर पुलिस ने पोषण साहू पिता अंगद राम साहू ग्राम लाटाबोड़ के विरूद्ध धारा 294, 323, 506 बी भादवि के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उधर पोषण साहू ने भी एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि शाम को वह घर में था, उस समय बेटा तुषार साहू खेलने गया था। वह घर आया और बताया कि खेलकूद के दौरान गांव के लड़का रेमन ठाकुर के साथ खेलने के संबंध में लड़ाई झगड़ा हो गया। तब पोषण अपने लड़के को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर के पास पहुंचा और दोनों बच्चों को समझाने लगा। उसी समय रेमन ठाकुर का पिता लखन ठाकुर आया और तुम कौन होते हो मेरे बच्चे को समझाने वाला कहकर गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर मेरे गला को दबा दिया था। पुलिस ने पोषण की रिपोर्ट पर 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# किसानों ने गन्ने की कीमत को लेकर विधायक संगीता से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ ने प्रदेश के गन्ना किसानों को समर्थन मूल्य 291 रुपए के अलावा 200 प्रति क्विंटल दिए जाने की मांग एवं शासन से जानकारी लेने के संबंध में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा से सौजन्य मुलाकात की।

विधायक संगीता सिन्हा से जिला गन्ना किसान संघ ने बताया कि इसके पूर्व में कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा गन्ना किसानों को 355 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही थी, किंतु वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा गन्ना किसानों के लिए अब तक प्रोत्साहन राशि की घोषणा नहीं की गई है। इसके कारण गन्ना किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। संघ के संरक्षक छगन देशमुख ने विधायक को बताया कि जिले में एकमात्र दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना संचालित हो रहा है, जिसे भी पर्याप्त मात्रा में गन्ना प्राप्त नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि अगर राज्य सरकार द्वारा गन्ना किसानों को समर्थन मूल्य के अलावा प्रति क्विंटल 200 प्रदान की जाए जिससे कि जिले में गन्ना की फसल की कमी नहीं होगी। किसान प्रोत्साहित होकर गन्ने की फसल लेंगे, किंतु राज्य सरकार द्वारा गन्ना किसानों को प्रोत्साहन राशि नहीं दी जाती है, तो शक्कर कारखाना बंद होने की कगार पर आ जाएगा।

इस अवसर पर गन्ना किसान संघ के संरक्षक छगन देशमुख, उपाध्यक्ष गौचरण गजभीम, संजय चंद्राकर, कृपा राम साहू, तेजराम साहू, दुलारू राम साहू, त्रिलोकी राम साहू, चाणक्य यादव, मनोहर लाल सहित गन्ना कृषक उपस्थित थे।

# शासकीय विद्यालय लमती में नेवता भोज के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकी पूर्व माध्यमिक शाला लमती में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर दोनों शाला के विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य पालकगन व शिक्षकों की उपस्थिति में कक्षा पहली व कक्षा छठवीं के नव प्रवेशी बच्चों एवं अन्य सभी बच्चों को गुलाल का तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तकें व गणवेश का वितरण किया गया। दोनों शालाओं के निर्धारित नामांकन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में लमती में कोई अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चे नहीं है।

प्रवेशोत्सव की अगली कड़ी में शाला प्रांगण में हमारे शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुरित राम ठाकुर एवं शाला के प्रधान पाठक भगवती प्रसाद आमदो के निर्देशन में पौधारोपण किया गया। उसके बाद ग्राम लमती में महिला शक्ति स्वसहायता समूह द्वारा सभी बच्चों को नेवता भोज कराया गया। इसमें खीर पूड़ी चावल दाल सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के प्रभारी प्रधान पाठिका सुभी प्रियंका लोहरे व शिक्षिका संध्या पिस्दा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक भगवती प्रसाद आमदो व शिक्षक कन्हैया लाल बारले समिति के सदस्यगण एवं पालकगण के रूप में मुरीत राम ठाकुर नेमदास मानिकपुरी शंभू बढई देवसराम देवारिन बाई यादव हसीना प्रधान भारसिह उर्वसा भगवान सिंह दुलेश्वरी सोहद्रा नेहरू नेमीन बाई यादव,भगवती उत्तरा प्रधान आदि उपस्थित रहे।



# सोशल मीडिया में बात नहीं करने पर युवती से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में युवती द्वारा बात नहीं करने पर गुस्साया युवक-युवती के गांव पहुंच गया। बीच रास्ते में ही युवती मिल गई। युवक उस युवती से गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। घटना के बाद युवती और उसके परिजनों ने देवरी थाने में युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट लिखाई है।

- देवरी थाना क्षेत्र के पिनकापार चौकी का मामला

देवरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिनकापार चौकी क्षेत्र के एक ग्राम में रहने वाली एक युवती की पहचान करीब 3–4 माह पूर्व से दूसरे ग्राम फरदफोड़ निवासी महेश्वर दास बैरागी नामक लड़के से हुई थी।

उस लड़के का युवती के गांव में आना जाना था। महेश्वर दास बैरागी युवती के मोबाईल पर इंस्टाग्राम में मैसेज करता था और फोन करता था। युवती के बताए अनुसार वह महेश्वर दास को मोबाईल के इंस्टाग्राम में मैसेज करने और फोन करने से मना करती थी, फिर भी वह नहीं मानता था और युवती के ग्राम में आकर युवती को घूर-घूर कर देखता था। युवती उस लड़के के साथ बातचीत नहीं करती थी, फिर भी वह बात करने का प्रयास करता था। युवती ने इसकी जानकारी अपने माता-पिता और बड़े भाई को दी, तब युवती के पिता ने महेश्वर दास को डांट फटकार लगाई थी।

उसके बाद भी युवक नहीं सुधरा और 29 जून की दोपहर करीबन 3 बजे जब युवती नदी में नहाने के लिये जा रही थी, तभी गांव की सोसायटी के पास महेश्वर दास बैरागी पीछा करते हुए पहुंच गया। उसने युवती का रास्ता रोककर मेरे साथ बात नहीं करती कहकर गालीगलौज करने लगा और वहीं पर पड़े पत्थर को उठाकर सिर पर मारने लगा।

### जान से मारने की दी धमकी

मारपीट करने से युवती के सिर में सूजन है तथा बाएं हाथ के कन्धा दाहिना हाथ के कलाई में चोटे लगी है। युवती ने आरोप लगाया कि घटना के बाद आरोपी महेश्वर दास बैरागी ने धमकाते हुए कहा अभी तो शुरूआत है, भविष्य में क्या करूंगा तुम देखते रहना, तुझे जान से मारूंगा कहकर भाग गया। इस मामले में देवरी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 294, 323, 341, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जाँच में जुट गई है।

## कलशयात्रा में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

# श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के शुभारंभ में हीरापुर में भव्य कलश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर में कलश यात्रा निकाल कर श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा दुर्गा मंच भागवत स्थल से होते हुए सरार तालाब से जल लेकर वापस भागवत स्थल पहुंचकर संपन्न हुई।

यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक पंडित रूपेश कृष्ण मिश्रा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह 29 जून से 7 जुलाई तक 9 दिवशीय का आयोजन रखा गया है जिसमे भागवत व्यास पंडित रूपेश कृष्ण मिश्रा जगन्नाथपुर वाले वृन्दावन से कृपा प्राप्त होंगे, वहीं परायणकर्ता पंडित किरण शर्मा होंगे।



### निर्धारित कार्यक्रम

कुंजलाल साहू ने बताया कि प्रथम दिवस 29 जून को सुबह कलश यात्रा, महात्म कथा, गौकर्ण कथा, द्वितीय दिवस परीक्षित जन्म, सुखदेव जी आगमन, 1 जुलाई को वारह अवतार, कपिलोपाख्यान, शिव पार्वती विवाह 2 जुलाई को ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार 3 जुलाई को गंगा अवतार, कृष्ण अवतार, गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। वहीं, 4 जुलाई को भगवान की बाल लीला, उखल बंधन व महारास, 5 जुलाई को कंस वध, रुक्मणी विवाह, उद्धव चरित्र 6 जुलाई को श्री कृष्ण के अन्य विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष 7 जुलाई को गीता प्रवचन तुलसी वर्षा एवं पूर्ण आहुति की जाएगी कथा दोपहर 1 बजे से संध्या 6 बजे तक किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### वीरांगना दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया पौधा वितरण

**गुरूर।** वीरांगना दुर्गावती मंडावी के 460 वीं बलिदान दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी यूथ सोसायटी गुरुर द्वारा वीरांगना दुर्गावती चौराहा पुरूर में निःशुल्क पौधा वितरण कर ग्रीन आर्मी युवाओं द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। गोंडवाना समाज परिक्षेत्र पुरूर अध्यक्ष रूपराम नागवंशी एवं ग्रीन आर्मी यूथ गुरुर के सदस्य राहुल, भूपत मरकाम, सुनील मंडावी, दिलेश्वर नेताम, नवीन मंडावी, लता बबिता, रिंकी, चांदनी तथा 12 गांव के समाज प्रमुख उपस्थित थे।

### पिकरीपार की महिलाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत पिकरीपार की सरपंच चंदा साहू के नेतृत्व में ग्राम की सक्रिय महिलाओं ने बारिश के पूर्व गांव के चौराहों एवं तालाबों के आसपास पचरियों में फैली गंदगी की साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर सरपंच चंदा साहू, विनिता साहू, जमूना साहू, भूनेश्वरी साहू, सीता यादव, कलिन साहू, सुनैना, लुकेश्वरी, मूनेश्वरी, फूलमत बाई, महाराजिन एवं देवंतीन बाई उपस्थित थीं।

### शासकीय विद्यालय धनगांव में लगा वाटर कूलर



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनगांव में शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर ग्राम पंचायत धनगांव के सरपंच तोषण कुमार चुरेन्द्र के अथक प्रयास से ग्राम पंचायत धनगांव की ओर से शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय धनगांव मे वाटर कूलर और 500-500 लीटर पानी टंकी लगाई गई। शासकीय प्राथमिक विद्यालय धनगांव में वाटर कूलर लगाये जाने पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, संकुल समन्वयक मोहित भौसार्य, प्राथमिक विद्यालय प्रधान पाठक विद्यावती साहू, सहायक शिक्षक विशम्भर सिंह बगमरिया, धनेश्वरी सोनवानी, उच्च वर्ग शिक्षक टेमेश्वर श्रीवास, योगेश कुमार लाटेन्द्र, श्री पर्ने ने सरपंच का आभार व्यक्त किया। सरपंच तोषण चुरेन्द्र का शिक्षा के प्रति शुरू से ही लगाव रहा है। वह एक छत्तीसगढ़ी कवि एवं लेखक के अलावा सरपंच बनने के पूर्व शिशु मंदिर में आचार्य के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं।

### शनिवार को बैग लेस डे पर लगा योग शिविर



**डौंडीलोहारा।** एकदिवसीय संगीतमय योग शिविर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम अंडी में बच्चों के साथ योगाचार्य तीरथ कुमार अटल के द्वारा निशुल्क योग शिविर कराया गया। शिविर में संकुल प्रभारी मोहित भौसार्य ,रविचन्द सिन्हा, अरुणा चुरेन्द्र,दुर्गा बारेकर ,महेश्वरी खरे,राजेश कुमार साहू,प्रीतिबाला सोनी, नीलू साहू, एवं समस्त बच्चों योग में भाग लेकर स्वस्थ रहने का लाभ उठाए। सूक्ष्म व्यायाम से लेकर योग प्राणायाम योगिंग जॉगिंग भस्त्रिका कपालभाति अनुलोम विलोम ताड़ासन वृक्षासन सिंहासन हास्यासन अनेक प्रकार के योग के साथ-साथ खान-पान रहन सहन, शिक्षा पर विशेष चर्चा के साथ बच्चों को ध्यान आकर्षण कराया गया। इसके साथ ही निरंतर योग घर-घर योग और अंतिम व्यक्ति तक का पुरुषार्थ करने के लिए बैग लेस डे पर शिविर का आयोजन किया गया।

---

**सावधानी :** कचरा संग्रहण व उनकी छंटाई के दौरान संक्रमण से बचाने की पहल

# स्वच्छता दीदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

कचरा संग्रहण करते समय स्वच्छाग्रही दीदियां संक्रमण का शिकार न हों इसलिए शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौंडीलोहारा में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा विनोद कुमार चौरका ने शिविर लगाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके साथ ही संक्रमण से बचने के उपाय बताए। सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने कहा कि कचरा संग्रहण करते समय असावधानी के कारण कभी भी संक्रमण फैल सकता है। इसके लक्षण की जानकारी व ईलाज के लिए स्वास्थ्य परीक्षण का निर्देश शासन से प्राप्त हुआ है। सभी स्वच्छाग्रही समूह के दीदियों को शत-प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण कराने कहा है।

विकासखंड अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत लगभग दो हजार महिलाएं कार्य कर रही हैं। उनमें अब ग्राम पंचायतों द्वारा स्वच्छाग्रही समूह की दीदियों को डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने व ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन केंद्र में पृथक्करण करने के लिए संलग्न किया गया है। ये स्वच्छाग्रही समूह की दीदियां जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल व जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे के दिशा निर्देश में तथा एसडीएम शिवनाथ बघेल एवं जनपद सीईओ रोशनी भगत टोप्पो के मार्गदर्शन में लगातर स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने योजना के अनुसार कार्य को अंजाम दे रही हैं।

**120 गांवों में चला स्वच्छता अभियानः** डौंडीलोहरा विकासखंड में बारिश पूर्व स्वच्छाग्रहियों ने एक साथ 120 ग्राम पंचायतों के गली मोहल्ले, सार्वजनिक स्थानों, पेयजल स्त्रोतों के आसपास सफाई अभियान चलाकर गंदगी मुक्त ग्राम पंचायत का संदेश दिया। 18 जून से स्वच्छता पखवाड़ा चलाकर इस अभियान में ग्रामीणों को जोड़कर कार्य किया है, जिसका सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रही है।



**लगातार जागरुकता अभियान से हो रहा व्यवहार परिवर्तन**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा कि स्वच्छाग्रहियों के लगातर जागरूकता अभियान के चलते अब लोगों के व्यवहार में परिवर्तन हो रहा है। महिला समूह द्वारा गांव गांव में ट्रायसिकल से कचरा संग्रहण किया जा रहा है। गावों में भी ट्रायसिकल से कचरा संग्रह किया जाएगा, ये पहले एक पहेली सा लगता था। स्वच्छाग्रही समूह के दीदियों को सप्ताह में दो दिन गांव की गलियों में ट्रायसिकल से कचरा संग्रहण करते हुए देखा जा सकता है। ग्राम पंचायत की सूरत अब बदल रही है।

### कचरा संग्रहण के दौरान मास्क, दस्ताने व जूते जरूर पहनें

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा विनोद कुमार चौरका ने कहा है कि बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारी बहुत ही जल्दी अपना पांव पसारती है। चूंकि स्वच्छाग्रहियों द्वारा कचरा संग्रहण का कार्य किया जाता है। जिसमें सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। पल-पल में संक्रमण का खतरा बना रहता है। कचरा संग्रहण करते समय मास्क का उपयोग करें। दस्ताना व जूता पहनकर कचरा संग्रहण का कार्य करें। कभी भी संक्रमण के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत असर दिखे, तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या उप स्वास्थ्य केंद्र में अपना स्वास्थ्य परीक्षण जरूर कराएं।

---

# कलेक्टर ने गुरूर विकासखंड के गांवों में विभिन्न गतिविधियों का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शुक्रवार को जिले के गुरूर विकासखण्ड में विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत धनेली में मनरेगा के कार्य, वृक्षारोपण, सामुदायिक डबरी निर्माण जल संरक्षण के कार्य एवं ग्राम पंचायत छेड़िया में, कार्यरत महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित अगरबती तथा ग्राम बोरतरा और बोहारडीह विद्युत सबस्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत छेड़िया में निर्मित सी.सी. रोड निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इसके साथ ही महिला स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित अगरबत्ती निर्माण का अवलोकन किया। उन्होंने महिलाओं से अगरबत्ती बनाने के विधि से लेकर पैकिंग और विक्रय के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत धनेली में मनरेगा के तहत निर्मित सामुदायिक डबरी निर्माण में मछली पालन, मुक्तिधाम में वृक्षारोपण एवं चोरहा नाला में निर्मित तटबंधान कार्य का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने विद्युत सबस्टेशन बोहारडीह एवं बोरतरा का अवलोकन भी किया। उन्होंने ग्राम बोहारडीह स्थित विद्युत ट्रांसमिशन स्टेशन में सहायक अभियंता से विभिन्न इंडीकेटर एवं फॉल्ट के बारे में चर्चा की। इसी प्रकार ग्राम बोरतरा में स्थित विद्युत ट्रांसमिशन स्टेशन में उपयंत्री से रिले ट्रांसमिशन एवं विद्युत अवरोध के बारे में जानकारी ली।

---

# बोरई विद्यालय में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव



**अंडा।** क्षेत्र के ग्राम बोरई में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया।

इसके साथ ही उन्हें पुस्तक तथा गणवेश भेंटकर किया गया। इस अवसर पर सरपंच पदमा बाई साहू, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि एवं मंडल मंत्री ओमेश्वर यादव (राजू), प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, जितेंद्र गुप्ता, अश्वनी साहू, ठवेंद्र यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अच्छे से मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजू यादव ने कहा कि यह विद्यालय आपको हमेशा नैतिकता व अनुशासन का पाठ पढ़ाएगा। आप जब बड़े होंगे और जब विद्यालय में आएं तो आपका सिर गर्व से ऊंचा हो और अपने गुरुजनों का सम्मान करें।

उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर डीएसपी, पुलिस, आर्मी, डॉक्टर, मजिस्ट्रेट तो कोई शिक्षक जैसे पदों पर कार्य करते हुए देश और समाज को अपनी सेवाएं दे कर बोरई का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

---

**बोड़रा में श्रीमद्भागवत प्रज्ञापुराण कथा व 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का हुआ आयोजन**

# निर्मल व संस्कारित सामाजिक जीवन के लिए आध्यात्मिक धार्मिक कार्यक्रम जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा गायत्री प्रज्ञापीठ ग्राम बोडरा में 25 से 29 जून तक पाँच दिवसीय श्रीमद्भागवत प्रज्ञापुराण कथा एवं पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतिम दिन विधायक संगीता सिन्हा भी शामिल हुईं।

प्रथम दिवस देव सर्वतोभद्र स्थापना, गौरी गणेश एवं कलश पूजन, अखंड ज्योति देवस्थापना की गई। द्वितीय दिवस में कथा वाचक युगशिल्पी यज्ञवीर तामेश्वर लाल गुरुजी ने श्रीमद्भागवत प्रज्ञापुराण महात्म्य, राजा परीक्षित का जन्म एवं ऋषि श्राप तथा गौकर्ण कथा हुई। तीसरे दिन कपिल अवतार, माता को ज्ञान उपदेश, गंगा अवतरण एवं जड़ भरत चरित्र कथा हुई। चतुर्थ दिवस सनत सनंदन कुमार ने जय विजय को श्राप, दीपयज्ञ के साथ गायत्री माता की उत्पत्ति एवं मोक्ष दायिनी कथा का सार बताते हुए कहा कि उच्च शिक्षा, धनसंपत्ति, पद प्रतिष्ठा अनेक वैभव संपन्न होने के बावजूद सद्ज्ञान, सत्संग, स्वाध्याय के अभाव में व्यक्ति, परिवार व समाज में विकृति आ रही है। इसलिए स्वच्छ जीवन के लिए ऐसे ही आध्यात्मिक धार्मिक कार्यक्रम होते रहना चाहिए। कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के साथ ही गायत्री परिवार के जिला प्रतिनिधि विशाल सिंह अठनागर, दशरथ कलिहारी, ब्लॉक प्रमुख धनसिंह गंजीर, लोचन राम साहू, हीरकमंडल प्रमुख रामजी साहू, बालकृष्ण सिन्हा, रामू सिन्हा, भोलेश्वर सिन्हा, लीलाराम सिन्हा, देवधर साहू, शिवप्रसाद साहू, रघुनाथ साहू, उदयराम साहू, देवेन्द्र कुमार सिन्हा, बलवंत गुप्ता, शंकर लाल साहू, घमसू साहू, देवलाल साहू, मनसा राम, गोदावरी सिन्हा, गंगा सिन्हा, नंदनी साहू, तुलेश्वरी सिन्हा एवं परिजन शामिल हुए।



### किए गए विविध संस्कार

कार्यक्रम के अंतिम दिन गीतासार व परीक्षित मोक्ष कथा के बाद पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हुआ। यज्ञाचार्य राजेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति की माता गायत्री व पिता यज्ञ है। इसी के सानिध्य में रहने से मनुष्य जीवन जीने की कला सीखकर संस्कारवान, बलवान प्राणवान, विद्यावान, सेवाभावी समाज सेवक व देशभक्त बनते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए यज्ञीय आयोजन व वृक्षारोपण से बढ़कर और कोई दूसरा मार्ग नहीं है। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार कराया गया, जिससे जन्म लेने वाले शिशु स्वस्थ, श्रेष्ठ, संस्कारवान पैदा होंगे। सबके लिए सद्बुद्धि व उज्जवल भविष्य हेतु गायत्री मंत्र, सूर्य गायत्री, रुद्र गायत्री व महामृत्युंजय मंत्र की आहुति दी गई एवं पूर्णाहुति में उपस्थित परिजनों ने अपनी बुराइयों को छोड़ने व श्रेष्ठ मार्ग में चलने का संकल्प भी लिया गया। ब्रह्म भोज के रूप में गीता, अखंड ज्योति पत्रिका का वितरण किया गया।

---

# संविधान की धज्जियां उड़ाने वाली कांग्रेस भ्रम फैला रही है : लालेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल स्तरीय सम्मेलन में आपातकाल पर विचार गोष्ठी का आयोजन शनिवार को जामगांव आर में किया गया।

- जामगांव आर में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने लगाया आरोप

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, महामंत्री राजेश बंछोर, तेजेंद्र पिपरिया, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, मेघनाथ सागरवंशी, महामंत्री प्रेमीन साहू, मजुलता अंगारे, दानीराम वर्मा मंचासीन रहे। मां के नाम एक पेड़ लगाए मंडल की ओर से आव्हान किया गया।

मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि संविधान की धज्जियां उड़ाकर देश में आपात काल लगाने वाली कांग्रेस आज संविधान की रक्षा करने की बातें करके लोगों को आपातकाल की याद दिला रही है। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक संविधान को तोड़ने मरोड़ने का काम कांग्रेस के लंबे शासन काल में हुआ है, सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने वाली अनेकों कानून कांग्रेस ने बनाए। अब जब भाजपा संविधान की रक्षा के लिए कदम उठा रही है, तो कांग्रेस तिलमिलाने लगी है और मनगढ़ंत बातें बनाकर भ्रम फैला कर जनता से हमेशा की तरह हमदर्दी बटोरना चाह रही है। जो नाकाम रही। देश ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास कर प्रधानमंत्री बनाया है। साहू ने कहा कि कांग्रेस की आपातकालीन आफत से देश बड़ा मुश्किल से निकला है। विपक्षी जेल में नजर आते थे। आज विपक्षी अनर्गल प्रलाप करके भी खुली हवा में सांस ले रहे। संविधान भाजपा के हाथों सुरक्षित।



### एक पेड़ मां के नाम लगाने आव्हान

मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने आम जनता से आव्हान किया कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। गर्मी से राहत पाना है खेतो के लिए अच्छी वर्षा चाहिए प्रचुर मात्रा में आक्सीजन पाना है तो पर्यावरण के लिए सबको कदम बढ़ाना होगा एक पेड़ मां के नाम लगाना होगा।

### कांग्रेस को जनता देख चुकी है कांग्रेसी स्मरण रखें

भाजपा युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि देश पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आतंक को भी देखा है और अब देश भक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश प्रेम और विकास को भी देख रही है। कांग्रेस ठंडे दिमाग से स्मरण करे और जिन्होंने ठंडे दिमाग से स्मरण किया वो कांग्रेस छोड़कर आगे बढ़ गए। अनर्गल चिल्लाने से कांग्रेस का भला होने वाला नहीं है। विपक्ष देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाए जो अवसर बमुश्किल मिला है उसे नही गवाए। जनता का विश्वास अर्जित करे और समझ नही आए तो अपनी अतीत को ठीक से अध्ययन करे। जनता सब देखी है और देख रही है। भाजपा नेता जागेश्वर शुक्ला ने भी विचार रखे।

---

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमापारा में सुना मन की बात कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम मन की बात शक्ति केंद्र आमापारा में सुनी गई। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग सदस्य यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला मंत्री अम्बिका यादव, भाजपा शहर महामंत्री संतोष कौशिक, राजेन्द्र कानेकर, दीपक देवांगन, लेखराज शाहिरो, बंटी बाफना, कमलेश गौतम, सुनीता मनहर, महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष हितेश्वरी कौशिक, युवा मोर्चा शहर महामंत्री कमल बजाज, प्रीतम यादव, राम स्वरूप यादव, दीपक कौशिक, सूरेनदर सारथी, बिल्ला मनहर अनिता रावटे, मधु सेन, मनसा साहू, लिपपु साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

**ग्राम अंडा में आयोजित जूट प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन**

# महिलाओं ने सीखा जूट से उपयोगी सामान बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत आदर्श इस्पात ग्राम अंडा में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के माध्यम से जूट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विगत तीन माह से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 26 जून को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक कांट्रेक्ट सेल रेणु गुप्ता थीं। विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक शिवराजन सीएसआर तथा प्रबंधक छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड सीएस केहरी थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेणु गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाए गए जूट शिल्प की सराहना की। उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि ये सामग्रियां बेहद आकर्षक हैं, आप बाज़ार में बेचकर अपने परिवार की आमदनी को बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाएं इसे स्वरोजगार के रूप में अपना सकती हैं और अन्य लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएंगी।

विदित हो कि भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम अंडा में 4 मार्च को यह प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के सहयोग से की गई थी। इस दौरान गांव की 30 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान उन्हें प्रतिमाह 3,000 रुपए मासिक स्टाइपंड भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सीएसआर केके वर्मा, संयोजन सहायक सीएसआर बुधेलाल, आशुतोष सोनी, शरद कुमार साहू एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के नितेश कुमार ने किया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर सुशील कुमार कामड़े ने किया।



### जूट से बनती हैं कई तरह की सामग्री

उल्लेखनीय है कि जूट एक बहुमुखी प्राकृतिक रेशा है जिसमें सुनहरी और रेशमी चमक होती है। इसलिए इसे 'सुनहरा रेशा' भी कहा जाता है। जूट से विभिन्न वस्तुओं के निर्माण की कला, जूट शिल्प कहलाती है। इससे अनेक उपयोगी सामान जैसे बैग, कई तरह के झूले, फोल्डर, बोतल कवर, चाय के कोस्टर, गुड़िया, दीवार पर लटकाने वाली वस्तुएँ, पेन होल्डर, डोर मैट, बेल्ट और यहाँ तक कि मोबाइल कवर भी जूट से बनाए जाते हैं। कृषि और औद्योगिक उत्पादों के लिए विभिन्न प्रकार की पैकेजिंग सामग्री के निर्माण में भी इसका व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

---

### वाल्मीकि मखियार समाज के निलेश बने अध्यक्ष

**दुर्ग।** महर्षि सुदर्शन वाल्मीकि मखियार समाज का चुनाव हुआ। समाज के चार व्यक्ति अध्यक्ष पद के लिए तीन सचिव पद के लिए और तीन कोषाध्यक्ष अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में खड़े थे । जिसमें निलेश सांडेकर ने 129 मतो से अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया। वहीं सचिव पद में अमित बंछोर 117 और 87 मत से लालेंद्र बढ़ेल ने कोषाध्यक्ष पद का चुनाव जीता। इस संबंध में नव नियुक्त अध्यक्ष निलेश सांडेकर ने कहा कि सिद्धार्थनगर में इस समाज के चार प्रकार के लगभग 800 से 1200 लोग निवासरत हैं।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, श्वेतकुष्ठ, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है